कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, फिरोजाबाद

पत्रांक 3486-1/ 33-1 दिनांकः फिरोजाबादः मार्च 09 . 2021.

सेवामें,

जिलाधिकारी,
फिरोजाबाद।

विषयः– शिकायत की जांच आख्या।

संदर्भः– आपके कार्यालय से ऑन लाईन प्राप्त शिकायत संदर्भ सं0–40014721004773 दिनांक 01.03.2021

महोदय,

निवेदन है कि उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त शिकायतकर्ता श्री रवि कुमार तिवारी निवासी–ग्राम हिरनगांव, ग्राम पंचायत–जरौली खुर्द, ब्लाक–फिरोजाबाद तहसील व जिला फिरोजाबाद के शिकायती विवरण/समस्या दिनांक 28.02.2021 में वर्णित तथ्यों की जांच क्षेत्रीय वन अधिकारी, फिरोजाबाद से करायी गयी। उन्होने अपनी जांच रिपोर्ट दिनांक 07.03.2021 से अवगत कराया है कि प्रकरण में स्थलीय जांच दिनांक 04.03.2021 को की गयी। मौके पर शिकायतकर्ता के दूरभाष नं0 8057146066 पर सम्पर्क किया गया तो शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि " मैं अलीगढ़ में रहता हूँ , मौके पर आने में असमर्थ हूँ "। बरगद के वृक्ष की उम्र के बारे में गांव के बुजुर्ग लोग बता सकते हैं। तदोपरान्त गांव में जनसम्पर्क किया गया तो गांव के बुजुर्ग व्यक्तियों द्वारा वर्णित बरगत वृक्ष की उग्र लगभग 250 वर्ष पुराना होना बताया गया। जांच में यह भी पाया गया कि बरगद वृक्ष की गोलाई 4.5 मी0 है, जो हरा खड़ा है। बरगद वृक्ष आक्सीजन का अच्छा श्रोत है तथा औषधीय गुण भी है एवं वृक्ष से चारा–पत्ती मिलती है जो मवेशियों के भोजन में लाभदायक है वृक्ष की उम्र के सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा दिये गये बयान की छायाप्रति संलग्न है। कृपया शिकायत को पंजी करने की कृपा करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, फिरोजाबाद

पत्रांक 3486-1 /33–1 उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि– श्री रवि कुमार तिवारी निवासी–ग्राम हिरनगांव, ग्राम पंचायत–जरौली खुर्द, ब्लाक–फिरोजाबाद तहसील व जिला फिरोजाबाद को उनके शिकायती विवरण/समस्या दिनांक 28.02.2021 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, फिरोजाबाद

Harangau Record

100 वर्ष पुराने व्रक्ष की रक्षा के लिए अब प्रदेश सरकार है बचन बध्य

क्राइम मेल अलीगढ़ ! रिपोर्ट गौरव वर्मा / लगभग 250 वर्ष पुराना बरगद का वृक्ष है राजस्व ग्राम-: हिरनगाँव में जिसकी रक्षा अब करेगी प्रदेश सरकार क्युकी अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 100 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में चयनित करने हेतु निर्देश दिए गए थे। जिनको ध्यान में रखते हुए जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत 100 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों की जानकारी जुटाई जाने लगी तहसील फिरोजाबाद के अंतर्गत (राजस्व ग्राम हिरनगांव) जनपद फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश में "बरगद वृक्ष की उम्र" क्षेत्रीय वन अधिकारी फिरोजाबाद की अपनी "स्थलीय जांच आख्या दिनांक 4 मार्च 2021 व प्रस्तुत जांच रिपोर्ट दिनांक 7 मार्च 2021 के आधार पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग फिरोजाबाद द्वारा अपने पत्र दिनांक 9 मार्च 2021 द्वारा लगभग 250 वर्ष बताई गई है एवं बरगद वृक्ष की गोलाई 4.5 मीटर है। जिसकी रक्षा के लिये अब प्रदेश सरकार बचन बध्य है।

Harangau Record